# Apathit Gadyansh Worksheet Class 3 | कक्षा 3 – अपठित गद्यांश कार्यपत्रिका

नाम: ____________________ कक्षा: _______ दिनांक: ___________

## गद्यांश 1

रवि एक मेहनती लड़का था। वह रोज सुबह जल्दी उठता था। वह अपने माता-पिता का आशीर्वाद लेकर विद्यालय जाता था। विद्यालय में वह ध्यान से पढ़ता और अपने अध्यापकों का सम्मान करता था। छुट्टी के बाद वह अपने मित्रों के साथ खेलता था। शाम को घर लौटकर वह अपना गृहकार्य पूरा करता था। रवि को पेड़-पौधों से बहुत प्रेम था। उसने अपने घर के आँगन में कई पौधे लगाए थे और रोज उन्हें पानी देता था।

## प्रश्न

**1.** सही विकल्प चुनिए।

(क) रवि कैसा लड़का था? (i) आलसी (ii) मेहनती (iii) शरारती

(ख) रवि पौधों को कब पानी देता था? (i) रोज (ii) कभी-कभी (iii) रविवार को

**2.** रिक्त स्थान भरिए।

(क) रवि रोज सुबह _______ उठता था। (ख) रवि अपने _______ का सम्मान करता था।

**3.** सही (✓) या गलत (✗) लिखिए।

(क) रवि विद्यालय में ध्यान से पढ़ता था। ____ (ख) रवि को पेड़-पौधों से प्रेम नहीं था। ____

(ग) रवि अपना गृहकार्य पूरा करता था। ____

**4.** एक शब्द में उत्तर दीजिए।

(क) रवि किसके साथ खेलता था? ___________ (ख) रवि ने पौधे कहाँ लगाए थे? ___________

**5.** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(क) रवि विद्यालय में क्या करता था? ______________________________

(ख) रवि पौधों की देखभाल कैसे करता था? _________________________

**6.** विलोम शब्द लिखिए।

सुबह × ___________ | जल्दी × ___________

**7.** गद्यांश से दो संज्ञा शब्द लिखिए।

___________ , ___________

prtutorial.in

## गद्यांश 2

एक दिन मीना अपनी माँ के साथ बाजार गई। वहाँ उसने एक छोटी-सी चिड़िया देखी। चिड़िया सड़क के किनारे घायल पड़ी थी। मीना को उस पर दया आई। उसने अपनी माँ से चिड़िया की मदद करने को कहा। माँ ने उसे सावधानी से उठाया और घर ले आई। उन्होंने चिड़िया के घाव पर दवा लगाई और उसे दाना-पानी दिया। कुछ दिनों में चिड़िया ठीक हो गई। मीना ने उसे खुले आकाश में छोड़ दिया। चिड़िया खुशी से उड़ गई।

### प्रश्न

**1.** एक शब्द में उत्तर दीजिए।

(क) मीना किसके साथ बाजार गई? ___________

(ख) चिड़िया कहाँ घायल पड़ी थी? ___________

**2.** सही विकल्प चुनिए।

(क) मीना को चिड़िया पर क्या आया? (i) गुस्सा (ii) दया (iii) डर

(ख) चिड़िया को किसने दवा लगाई? (i) मीना की माँ ने (ii) दुकानदार ने (iii) पड़ोसी ने

prtutorial.in

**3.** रिक्त स्थान भरिए।

(क) चिड़िया को _______ और _______ दिया गया।

(ख) कुछ दिनों में चिड़िया _______ हो गई।

**4.** सही/गलत लिखिए।

(क) मीना ने चिड़िया की मदद की। ___ (ख) चिड़िया कभी ठीक नहीं हुई। ___

**5.** क्रम से लिखिए।

चिड़िया ठीक हुई → चिड़िया घायल मिली → दवा लगाई गई

सही क्रम: ______________________________________________

**6.** गद्यांश से दो क्रिया शब्द लिखिए।

___________ , ___________

**7.** सीख लिखिए।

इस गद्यांश से हमें क्या सीख मिलती है?